# मां की जिंदगी बचाने की जंग में उम्मीद की किरण

## कलेक्टर ने बढ़ाया मदद का हाथ

**मंडला, देशबन्धु।** गंभीर बीमारियों से जूझ रही माँ को बचाने के लिए एक बेटे की भावुक गुहार पर जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित सहायता प्रदान की है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मानवता का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।

बुधवार को सन्नू सोनी ने कलेक्टर को अपना आवेदन देकर बताया कि उनकी मां श्रीमती सुषमा सोनी, पिछले पांच वर्षों से ब्रेन ट्यूमर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। परिवार ने अपनी पूरी क्षमता से इलाज करवाया लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। डॉक्टरों की सलाह पर उनका इलाज अभी आंध्रप्रदेश के पुट्टपर्थी स्थित श्री सत्यसाई अस्पताल में चल रहा है।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे सन्नू सोनी ने कलेक्टर से मदद की अपील की और आने-जाने, ठहरने और भोजन के खर्चों के लिए सहायता की आवश्यकता बताई थी।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा दी गई 5 हजार रुपये की तत्काल सहायता इस परिवार के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। यह कदम न केवल प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा है कि वे जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। परिवार ने कलेक्टर श्री मिश्रा की संवेदनशीलता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि आगे भी उन्हें सहयोग मिलता रहेगा, जिससे उनकी मां का इलाज सुचारू रूप से जारी रह सके।

# लोक सेवा केन्द्र बिछिया पर 30 हजार रुपए का जुर्माना

**मंडला, देशबन्धु।** जिला प्रबंधक लोकसेवा मंडला द्वारा लोक सेवा केंद्र बिछिया का निरीक्षण किया गया। उक्त लोकसेवा केन्द्र में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान 3 ऑपरेटर उपस्थित पाए गए। लोकसेवा केन्द्र बिछिया को आधार पंजीयन के कार्य के लिए दिए गए लेपटॉप की जांच करने पर पाया गया कि आधार ऑपरेटर नीलेश कछवाहा द्वारा आधार पंजीयन का कार्य नेहा कम्प्यूटर्स पड़ाव रोड दुकान में अनाधिकृत रूप से किया गया, जो कि अवैध है। फलस्वरूप नीलेश कछवाहा की आधार सुपरवाईजर आईडी को निरस्त किए जाने के लिए प्रस्ताव भोपाल प्रेषित किया गया है।

लोक सेवा केन्द्र बिछिया में आरपीएफ डॉक्यूमेंट की कंडिका क्र. 5 की उप कंडिका में वर्णित प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने के कारण प्रो. नीलम शुक्ला लोकसेवा केन्द्र बिछिया पर कुल 30 हजार रूपए की राशि का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

काउंटर के संचालन में लापरवाही पर 5 हजार रुपये, लोक सेवा केंद्र परिसर के अनाधिकृत/व्यावसायिक उपयोग पर 25 हजार रुपये, कुल मिलाकर 30 हजार रुपये की पेनल्टी निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं सचिव जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी मंडला ने संबंधित संचालक को चेतावनी भी दी है कि भविष्य में नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। भविष्य में पुनरावृत्ति होती है तो लोकसेवा केन्द्र बिछिया संचालन अनुबंध निरस्त करते हुए फर्म को ब्लेकलिस्टेड करने की कार्रवाई की जायेगी।

# मातृशक्तियों ने सीआरपीएफ के जवानों से की मुलाकात



**मंडला, देशबन्धु।** एक समय मंडला डिंडोरी बालाघाट नक्सलाइट क्षेत्र था परन्तु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा निरंतर संचालित अभियान से मुठभेड़ में कई नक्सली मारे गए एवं कई नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण कर दिया गया। इसके बाद मंडला जिले सहित बार्डर से लगे डिंडोरी एवं बालाघाट भी नक्सलाइट रहित घोषित हो गए हैं । इसी संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता बहनों ने कमांडेंट विक्रम सारंगपाणी एवं पूरी बटालियन से मुलाकात की। कमान्डेंट विक्रांत सारंगपाणी को मातृशक्तियों द्वारा शॉल श्रीफल से सम्मान देते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की।


कमान्डेंट द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टेड रहते हुए अपने अनुभवों को बहनों के साथ सांझा किया और बताया कि अनुशासन, धैर्य,लक्ष्य और कर्तव्य निष्ठा का होना बहुत आवश्यक है।उपस्थित मातृशक्तियों ने भी मंडला जिले में सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए अपने अनुभवों को कामंडेट सर को बताया गया।

घर परिवार से दूर सदैव राष्ट्र रक्षा में लगे सजग प्रहरी वीर भाईयों को हर वर्ष बहनों द्वारा रक्षाबंधन पर्व राखी बांध कर बहुत सारी स्नेह और आशीर्वाद देकर कर बनाया जाता रहा है। उन्हीं स्नेहमयी यादों को फ्रेम करवा कर सदा स्मरणीय गिफ्ट भेंट कर मिठाई खिलाकर पुन: शुभकामनाएं दी गई और वादा किया गया कि हर वर्ष बहनों का स्नेह शुभ आशीष के साथ उन तक रक्षाबंधन में जरूर पहुंचेगा।

रियल हीरो 148 बटालियन एवं मातृशक्तिओं द्वारा भारत माता की जय के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा एवं बहनों को आश्वस्त किया कि हम सभी भाई सदैव साथ है। राष्ट्र भक्ति की भावना, विश्वास एवं असीम स्नेह से जुड़े इस अवसर आरपीएफ कमान्डेंट विक्रांत सारंगपाणी, द्वितीय कमान अधिकारी रत्नेश कुमार ,उप कमांडेंट मनोरंजन, सहायक कमांडेंट मनोरमा एवं समस्त बटालियन सहित सामाजिक कार्यकर्ता शिखा श्रीवास्तव ,ममता चौरसिया, संजू चौरसिया, अनुपम चौरसिया, ज्योत्सना चौरसिया कीर्ति सराफ, सरोज सोनी, शिवानी चौरसिया, रिंकू चौरसिया सरिता महान, विनीत दुबे, एडवोकेट साक्षी दुबे, द्रोपती यादव, माया गुप्ता, अनीता चौधरी, दीप्ति नरेलिया सहित उपस्थित रही।

## सार-समाचार

### सुधीर कसार सहित पांच सदस्य मंडला फोर्ट स्टेशन के सलाहकार सदस्य मनोनीत



**मडला, देशबन्धु।** दक्षिण पूर्व रेलवे, नागपुर के सीनियर डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर,( डी.सी.एम.) कार्यालय द्वारा मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन हेतु पहली बार पांच सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में नागपुर डिविजनल कार्यालय से विधिवत सूची जारी की गई है। जारी सूची के अनुसार समिति में सुधीर कसार, विवेक अग्निहोत्री, अभिनव सिहारे, नीरज कांड्रा, श्रीमती रेणुका परमार को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। समिति का कार्यकाल दिसंबर 2027 तक प्रभावशील होगा। यह समिति रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के सुधार के लिए सुझाव प्रदान करेगी तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### जज़्बा धारणकर संघर्ष करने से ही कॅरियर बनता है : प्रो.शरद नारायण खरे



**मंडला, देशबन्धु।** शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय मंडला में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत टी.पी.ओ. डा.प्रदीप सोनी के संयोजन-संचालन में तथा संरक्षक व प्राचार्य प्रो.शरद नारायण खरे के मार्गदर्शन तथा डा एसपी धूमकेती,ज़िला नोडल अधिकारी के दिशा-निर्देश में स्टार्टअप दिवस, उद्यमिता,प्लेसमेंट कार्यक्रम , स्वास्तिक केयर प्रशिक्षण, कैरियर मार्गदर्शन आदि विषयों पर एक दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया,जिसमें गोकुलदास एक्सपोर्ट लिमिटेड कंपनी बंगलौर की ख़ास भागीदारी रही।

**महिला महाविद्यालय में स्टार्टअप दिवस कैरियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट कार्यक्रम**

कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद कार्यक्रम-संयोजक डा प्रदीप सोनी ने आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात एक-एक करके आमंत्रित विशेषज्ञों ने अपने- अपने विषयों पर शानदार पावर पोइंट प्रजेंटेशन दिया।सबसे पहले गोकुलदास एक्सपोर्ट लिमिटेड कंपनी बंगलौर के स्किल मैनेजर महेंद्र कुमार यादव ने अपनी कंपनी की कार्यप्रणाली व उसमें प्लेसमेंट के अवसरों का खुलासा किया।

## आम सूचना

मैं राजकुमार यादव पिता श्री रज्जन लाल यादव उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम वार्ड नंबर 14 एन. एच 30 भीमडोंगरी तहसील बिछिया जिला मंडला मध्यप्रदेश म0प्र0 का निम्नाकिंत कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-

मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार नं. 5134 1379 1919 है। भेरा जन्म 06/11/2005 को वार्ड नंबर 14 एन.एच 30 भीमडोंगरी तहसील बिछिया जिला मंडला मध्यप्रदेश म0प्र0 में हुआ है, मुझे बचपन में रवि यादव के नाम से जाना पहचाना व बुलाया जाता था यह की जब मेरा स्कूल में दाखिला हुआ तब मेरे पिता जी के द्वारा मेरा नाम राजकुमार यादव लिखवाया गया था तब से मेरे समस्त शैक्षणिक व अन्य शासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम राजकुमार यादव लिखा व पढ़ा जाता है ।19/04/2014 में जब मेरा आधार कार्ड बनाया गया तब मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम राजकुमार यादव पिता रज्जन लाल यादव अंकित कराया गया था। मेरे पिता जी को भी कृष्ण कुमार यादव के नाम से जाना पहचान व बुलाया जाता था जब 19/04/2014 को उनका आधार कार्ड बना तो उनका नाम रज्जन लाल यादव पिता दौलत यादव अंकित करवाया गया था। मैं राजकुमार यादव पिता रज्जन लाल यादव एवं रवि यादव पिता कृष्ण कुमार यादव एक ही व्यक्ति है और यह दोनों नाम मुझ शपथकर्ता के ही है, सभी शासकीय दस्तावेजों में मुझ शपथकर्ता का नाम राजकुमार यादव दर्ज है, इसी प्रकार मेरे पिता जी कृष्ण कुमार यादव पिता दौलत यादव व रज्जन लाल यादव पिता दौलत यादव दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है उनका भी सभी शासकीय दस्तावेजों में उनका नाम रज्जन लाल यादव पिता दौलत यादव नाम दर्ज है।

# बिछिया पुलिस की तत्परता से चार बालिकाएं चंद घंटों में बरामद

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** अंतर्गत ग्राम कोको से चार बालिकाओं के एक साथ गुम हो जाने की सूचना से क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। परिजनों द्वारा थाना बिछिया में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की।

थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम ने घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों—पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा—को दी। उनके निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिछिया श्री सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम का गठन कर त्वरित खोजबीन शुरू की गई।

पुलिस एवं सायबर टीम की संयुक्त मेहनत से कुछ ही घंटों के भीतर चारों नाबालिक बालिकाओं को ग्राम गोपीसानी से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की कार्यशैली की सराहना की।

**इनका रहा योगदान**-इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी रंजीत सिंह सैयाम, उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, सहायक उप निरीक्षक बालमुकुंद चौरसिया, सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र यादव, प्र.आर. अजीत परते, आरक्षक तेवेन्द्र (664), आरक्षक नंदकिशोर (23), महिला आरक्षक उमा भारती, सायबर यूनिट मंडला के आरक्षक सुरेश भटेरे, आरक्षक सूर्यचंद बघेल तथा थाना बिछिया के विशेष सहयोगी दस्ता के जितेन्द्र जाट, जयमति, संगीता एवं रजंती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है।

# ग्राम पातादेई में जल मंदिर की स्थापना, राहगीरों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**मंडला।** विकासखंड मोहगांव के ग्राम पातादेई में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत 'जल शक्ति से नवभक्ति, शुद्ध जल, स्वच्छ जल, जल स्त्रोत सेवा समागम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिषद के परामर्शदाताओं द्वारा ग्राम में ''जल मंदिर (प्याऊ)'' की स्थापना की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों और यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय से अपील की गई कि जल का सदुपयोग करें तथा प्यासे पशु-पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं को भी पानी पिलाने में योगदान दें।

परिषद की टीम द्वारा बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में पूर्व में भी कई जागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर विशेष आयोजन की तैयारी

## 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक होंगे विविध आयोजन

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई जाएगी। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालय, छात्रावास और आश्रमों में सप्ताहभर (8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक) विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संविधान पर आधारित रैली, तथा 'विजन/सशक्त भारत-बाबा साहब के सपनों का भारत' विषय पर गतिविधियां आयोजित होंगी। साथ ही विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा और 14 अप्रैल को विशेष सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और पालक समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा। विभाग ने सभी संस्थाओं को साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और परिसर की सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक संस्था में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो कार्यक्रमों की निगरानी करेगा और 17 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। यह आयोजन डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

# मंडला में अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, दो डंपर जब्त

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा 7 अप्रैल को ग्राम हिरदेनगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में लिप्त दो डंपर वाहनों को जब्त किया गया। जब्त किए गए वाहनों में डंपर क्रमांक एमपी 20 एचबी 7118 एवं एमपी 20 एचबी 5792 शामिल हैं। कार्रवाई के बाद दोनों वाहनों को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

# पोषण पखवाड़ा 2026 के आयोजन और क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी

**मण्ंला, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक 'पोषण पखवाड़ा 2026' के आयोजन एवं क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह अभियान भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा की थीम 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास (मेक्सीमाईजिंग ब्रेन डेवलपमेंट इन द फर्स्ट सिक्स इयर्स ऑफ लाईफ) निर्धारित की गई है। इसके तहत जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय से जागरूकता एवं स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जारी निर्देशों के अनुसार, पांच प्रमुख थीम आधारित गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिनमें मातृ एवं शिशु पोषण, 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक उत्तेजना , 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा, स्क्रीन टाइम में कमी के प्रति जागरूकता, सशक्त आंगनवाड़ी निर्माण के लिए सामुदायिक सहयोग शामिल है। साथ ही जिला, परियोजना, सेक्टर और आंगनवाड़ी स्तर पर अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ 9 अप्रैल को जिले के सभी विकासखंडों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा तथा ऑनलाइन वेबकास्ट के माध्यम से भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया जाए, साथ ही, विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी क्रियान्वयन, दैनिक प्रगति की ऑनलाइन एंट्री और नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाएगी।

# ईरान के प्रस्ताव से थमा युद्ध, दुनिया पर संकट बरकरार

**मंडला, देशबन्धु।** विगत 28 फरवरी से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चले युद्ध में डेडलाइन से डेढ़ घंटा पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर (संघर्ष विराम) का ऐलान कर दिया है। ईरान ने आधिकारिक तौर पर युद्धविराम स्वीकार कर लिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट पर सीजफायर का ऐलान करते हुए कहा है कि ईरान के साथ सभी विवादित मुद्दों पर सहमति बन गई है और दो हफ्ते के अंदर समझौते के प्रस्ताव को आखिरी रूप दिया जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें ईरान की तरफ से 10 सूत्रीय प्रस्ताव मिला है जो बातचीत के लिए एक व्यवहारिक आधार है। ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोल देगा। ये भरोसा उन्हें पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने दिया है। पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच 10 अप्रैल को बातचीत होगी। इसका ऐलान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया है। दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक समाधान तक पहुंचाने की कोशिश में पाकिस्तान की भूमिका एक मध्यस्थ के तौर पर अहम रही है। यह भी सच है कि पिछले एक साल में ईरान और अमेरिका के बीच दो बार बातचीत हुई है। दोनों ही बार बातचीत के बीच में युद्ध शुरू हो गया। अमेरिका ने हाल ही में ईरान के पुलों, पावर प्लांट और अन्य प्रमुख ठिकानों को तबाह करने की जो चेतावनी और ईरान की 'सभ्यता समाप्त' करने की धमकी दी थी। इस चेतावनी और धमकी के बाद ईरान ने कहा है कि एक सभ्य राष्ट्र की संस्कृति, तर्क और अपने सही उद्देश्य पर विश्वास, बलपूर्वक दबाव की नीति पर भारी पड़ेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ईरान अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ईरान ने यह भी चेतावनी दी थी कि अगर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो वह जवाबी कदम उठाएगा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस टकराव को लेकर चिंता बढ़ गई, क्योंकि इसका असर वैश्विक सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ सकता था।

ईरानी सरकार और सरकारी मीडिया अमेरिका के साथ हुए समझौते को वहां के शासन की एक बड़ी जीत के रूप में पेश कर रहे हैं, क्योंकि वे अमेरिका और इजरायल के साथ 30 से अधिक दिनों तक चले इस युद्ध में टिके रहे और बच गए। इसलिए ईरान के इस बयान और ईरान के खुद को विजेता के रूप में पेश करने को अहम माना जा रहा है। युद्ध की शुरुआत में ही इस्लामिक रिपब्लिक के नेता अली खामेनेई और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के वरिष्ठ जनरलों की अमेरिकी-इसराइली हमलों में मौत हो गई थी। यह लड़ाई वहां के शासन के लिए अस्तित्व के लिए खतरा था और एक अस्तित्व की लड़ाई थी। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस प्रस्ताव में 10 बिंदु शामिल हैं, जिसमें अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य में ईरान पर आक्रमण नहीं करने की मजबूत अंतरराष्ट्रीय गारंटी मिले। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का नियंत्रण जारी रहेगा और होर्मुज को खुला रखने पर ईरान अपनी शर्तें तय करेगा। कोई भी विदेशी ताकत (खासकर अमेरिका) इसके इस्तेमाल पर दबाव नहीं डाल सकेगी। यूरेनियम संवर्धन की स्वीकृति। ईरान पर अमेरिका सभी प्राथमिक प्रतिबंधों को हटाएगा। इजरायली अटैक रोकने की मांग। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सभी प्रस्तावों को समाप्त करना। ईरान को युद्ध में ईरान हुए सभी तरह के बुनियादी नुकसान का मुआवजा (क्षतिपूर्ति) दी जाए। क्षेत्र से अमेरिकी लड़ाकू बलों की वापसी और खाड़ी क्षेत्र में सभी अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद करना। लेबनान और गाजा में भी युद्ध की समाप्ति और लेबनान में हिज़्बुल्लाह के खिलाफ लड़ाई समेत सभी मोर्चों पर युद्ध विराम की शर्तें शामिल हैं।

ईरान युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इसे 'वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा आपूर्ति व्यवधान' बताया है। इस संघर्ष ने 1970 के दशक के ऊर्जा संकट की याद दिला दी है , जिसमें आपूर्ति की गंभीर कमी, मुद्रा अस्थिरता, मुद्रास्फीति और मंदी तथा आर्थिक संकट का खतरा बढ़ गया है। युद्ध ने खाडी सहयोग परिषद के आर्थिक मॉडल को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।इस युद्ध ने यूरोप के लिए दूसरा बडा ऊर्जा संकट और उसके बाद आर्थिक संकट पैदा कर दिया है, मुख्य रूप से कतर देश के द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के निलंबन और होमुर्ज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण उत्पन्न हुआ है।इस संकट ने यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ में औद्योगिक उत्पादन को और भी प्रभावित किया है, जहां रसायन और इस्पात निर्माताओं ने बिजली और कच्चे माल की बढ़ती लागत की भरपाई के लिए 30% तक अधिभार लगाया है।

# मंडला के विकास की बाधक है प्रशासनिक उदासीनता!

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला में यह पहला मामला नहीं! पहले से ही जिम्मेदारी पर हिस्सेदारी हावी है। मंडला की प्रशासनिक उदासीनता, वह भी जिम्मेदारी से ज़्यादा हिस्सेदारी का नमूना ही है, जो बड़ी मलाई के साथ होता है जो सत्ता सरकार, ठेकेदार और प्रशासनिक हिस्सेदार उदारवाद के चरम पर है।

मंडला में पहले से ही आशीर्वाद प्राप्त ठेकेदारों का राज चलता है। चाहे किसी भी प्रकार सिंडिकेट हो, नगरपालिका कार्य, पीएचई, ट्राइबल, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल या फूड, जिला पंचायत के विभाग या अन्य कोई भी विभाग कार्य हो सब जगह यही हाल हैं। मंडला में इस प्रकार के नमूनों का सोशल मीडिया में शानदार विरोध होता पर फील्ड सीमित है, क्योंकि फील्ड में मंडला की जनता और बुद्धिजीवी मीडिया व्यवसाय समाजसेवी ने भी अपने आपको मंडला की प्राथमिकताओं से अलग अपने आपको बीजेपी कांग्रेस गोंडवाना आदि पार्टियों में बांट रखा है और मंडला के आवश्यक विकास और हो रहे विनाश का साक्षी बन देख रहा है। गुस्सा ही निकालना होता है तो सोशल मीडिया में जमकर गुस्सा निकाला जाता है! पर किसी बड़े विषय या प्रशासनिक या राजनीतिक व्यवस्था पर कोई पोस्ट डाल दो विरले ही रिएक्शन आते हैं। कुछ साथी आज भी दबंगताई के साथ लड़ रहे है उनको वंदन करना चाहिए।

मंडला में मलाई खाने खिलाने और उनकी चुपचाप दलाली खाने वालों की लंबी फौज़ है और यह फौज़ फ़ोटो जीवी समाजसेवियों से भी बड़ी है जो घुन के समान पर व्यवस्था को चौपट कर रही है। साथियों मंडला के विकास पर हावी विनाश से कैसे लड़ा जाए मंडला के बड़े विषय जो मंडला के सर्वांगीण विकास बाधा पहुंचाते, उससे सबको मिलकर आवाज़ बुलंद करना होगा, जिसमें सबसे बड़ा विषय प्रशासनिक चाटुकारिता के विरुद्ध हो फ़िर रेल, रोड, पार्किग, सीवेज लाइन, रोजगार बेरोजगारी, शिक्षा स्वास्थ्य, निर्माण विभागों में चरम भ्रष्टाचार, राजनीतिक/प्रशासनिक उदासीनता और भ्रष्टाचार, युवाओं और महिलाओं छोटे लघु फुटकर और बड़े व्यापारियों के विषय व्यापार आदि पर मंडला के हित में खुलकर बोले और मंडला के विकास का विजन के लिए आगे आए!